तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 3 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 आप अपने ग्राम के सुरक्षा कवच हैं, अपनी जिम्मेदारी...





11 सेक्सटार्सन, डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग का ...




# पुलिस चौकी संबलपुर को मिला नया भवन, एसएसपी रामकृष्ण ने किया लोकार्पण

## चौकी के पुलिस कर्मियों एवं क्षेत्र के अधिकारियों की उपस्थिति में की गई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आम जनता की समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से जिले के पुलिस चौकी संबलपुर में पुलिस बैरक (भवन) को स्वीकृत किया गया था, जिसका निर्माण पूर्ण होने के बाद उक्त नवनिर्मित भवन का रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने लोकार्पण किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू व पुलिस चौकी संबलपुर क्षेत्रांतर्गत के अन्य कर्मचारियों मौजूदगी में विधि विधान से पूजा अर्चना कर थाना नवागढ़, पुलिस चौकी संबलपुर में नवनिर्मित पुलिस बैरक भवन का रिबन काट कर लोकार्पण किया गया। नवनिर्मित पुलिस बैरक (भवन) का लोकार्पण होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री साहू ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उक्त कार्यक्रम में पुलिस चौकी संबलपुर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार क्षत्री, पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि जितेन्द्र कुमार कश्यप, प्रधान आरक्षक राजेश राजपूत, आरक्षक अमित यादव, मनोज यादव, भूषण राजपूत, धनंजय राजपूत, कमलेश साहू, फत्ते पाटिल सहित अन्य स्टाफ व पुलिस चौकी संबलपुर क्षेत्र के ग्राम कोटवार उपस्थित रहे।



### सुरक्षा के बेहतर माहौल के लिए शांति व्यवस्था बहुत जरूरी

इस दौरान एसएसपी रामकृष्ण साहू ने कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण करने एवं आम जनता की समस्याओं के समाधान एवं जवानों के ठहरने की सुविधाओं को ध्यान रख कर बनाया गया है। ताकि किसी प्रकार की समस्या ना हो और पुलिकर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुचारू रूप से कर सकें। अच्छी छवि के लिए और सुरक्षा के बेहतर माहौल के लिए शांति व्यवस्था बहुत जरूरी है, किसी भी के बहकावे में नहीं आना है। हर हाल में हमें सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाये रखना है।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मना मां महामाया देवी मंदिर का स्थापना दिवस



**बेमेतरा/दाढ़ी।** अमचो में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सन 2014 में 2 मार्च को माँ महामाया देवी की नवनिर्मित मंदिर बना कर विधिविधान से तीन दिवसीय कार्यक्रम रखकर स्थापना की गई थी। तब से लेकर लगातार प्रत्येक वर्ष 2 मार्च को देवी स्थापना दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। महेश ध्रुवे ने बताया कि इस परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी गांव वालों ने माता रानी की पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया गया।

### स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने मनाया स्थापना दिवस



**बेमेतरा।** स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा द्वारा स्वास्थ्य संयोजक स्थापना दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में बीते दिनों स्थानीय अस्पताल वार्ड में भर्ती मरीजों एवं स्टाफ को फलाहार वितरण किया गया। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ एक उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर के कर्मचारी होते हैं, जो कि ग्रामीण स्तर की रीढ़ की हड्डी होते हैं। उनके अंतर्गत 28 राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रम संपादित किए जाते हैं, जिसमें से टीकाकरण गर्भवती सेवाएं एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाते हैं।

### नपं गुण्डरदेही में आज शपथ ग्रहण सभा

**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत गुण्डरदेही के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद जैन एवं सभी 15 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 3 मार्च सोमवार को साप्ताहिक बाजार में रखा गया है। समारोह प्रातः 10.30 बजे से होगा। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य रूप में सांसद भोजराज नाग, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, राजेंद्र राय, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख शामिल होंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने नगरवासियों से अधिक संख्या में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत गुंडरदेही के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद जैन के साथ ही पार्षद पोषण निषाद, हरीश निषाद, संतोष नेताम, लोकेश्वरी यादव, विजय सोनकर, रामबती सोनकर, हेमंत सोनकर, सुलताना तिगाला, सलीम खान, हेमलता सोनी, पूजा बिंझेकर, शैल महोबिया, फैज बख्स, सेवक महिपाल व रोमलाल शपथ ग्रहण करेंगे।

### अरमरीखुर्द में हुई कबड्डी प्रतियोगिता

**जामगांव आर।** ग्राम अरमरीखुर्द में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रतिनिधि नारद साहू एवं जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू उपाध्यक्ष टेसराम साहू मंचासिन रहे। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष रेवाराम साहू, पंच मकसूदन साहू, पंच सेवाराम साहू, डॉ देवेंद्र साहू, ईश्वर साहू, पोखन यादव, भोज साहू, गौकरण साहू, संजू साहू लोक गायक उपस्थित थे।

### डौंडीलोहारा शपथ ग्रहण समारोह 5 को

**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत डौंडीलोहारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम एवं सभी 15 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 5 मार्च को रखा गया है। शपथ ग्रहण समारोह दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव एवं पूर्व गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा की उपस्थिति में होगा।

**हादसा :** दुर्ग-बेमेतरा राजकीय मार्ग स्थित ग्राम कोदवा में शनिवार रात हुई दुर्घटना

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत, पत्नी की स्थिति गंभीर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

दुर्ग-बेमेतरा राजकीय मार्ग स्थित ग्राम पंचायत कोदवा में शनिवार तकरीबन रात्रि 8 बजे कार चालक ने मोटरसायकल को ठोकर मार दी। दुर्घटना में बाइक चालाक की मौत हो गई, वहीं साथ उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। दुर्घटना में कार चालक भी घायल हो गया।

दोनों वाहन की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि घटना स्थल पर गाड़ियों के कलपुर्जे टूटकर सड़क पर बिखर गए। दोनों वाहनों के लोग एक ही गांव के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार बेरला ब्लॉक में आने वाले ग्राम कोदवा पेट्रोल पंप के निकट कार क्रमांक सीजी 07 बीपी 0133 ने बाइक क्रमांक सीजी 07 बीवाय 6895 को ठोकर मार दी। इससे बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। बता दें कि बाइक सवार नोहर वर्मा उनकी पत्नी सुशीला वर्मा ग्राम बुडेरा निवासी है। वहीं, कार चालक बलिराम साहू भी ग्राम बुडेरा का निवासी है। बाइक सवार नोहर वर्मा व उनकी पत्नी सुशीला वर्मा दोनों बेमेतरा सड़क मार्ग की ओर से कोदवा पेट्रोल पम्प व क्रशर प्लांट के बीच पहुंचे ही थे कि अचानक कोदवा की ओर से तेज रफ्तार कार ने बाइक को ठोकर मार दी। इससे पति पत्नी गंभीर रूप घायल हो गए। वहीं कार चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बाद इलाज के लिए भिलाई एसआर हॉस्पिटल में ले जाया गया, जहां पर इलाज के दौरान नोहर वर्मा की मृत्यु हो गई। वहीं, उनकी पत्नी की इलाज चल रहा है।









### बच्ची ने खा ली चूहा मारने की दवा, मौत



**बेमेतरा।** बेमेतरा से फिर दिल दहला देने वाला घटना सामने आई है। बेमेतरा थाना क्षेत्र के ग्राम तिवरैया में एक साल की मासूम बच्ची की चूहा मारने की दवा का सेवन कर लेने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तिवरैया में 1 साल 2 माह की पूर्णा साहू पिता हरिश साहू ने खेलते-खेलते घर में रखी चूहा मारने की दवा खा ली। परिजनों को इसकी जानकारी मिलते ही वे उसे तत्काल सिमगा के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां बच्ची के स्वास्थ्य की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिफर कर दिया। उधर, बेमेतरा जिला अस्पताल में बच्ची ने दम तोड़ दिया। बेमेतरा थाना की पुलिस मामले में मर्ग क़ायम कर जांच में जुटी है।

# गिरदावरी में त्रुटि के नाम पर निलंबित पटवारियों का निलंबन निरस्त करें प्रशासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिला राजस्व पटवारी संघ की बैठक में प्रशासन को दिया गया अल्टीमेटम

जिला राजस्व पटवारी संघ की बैठक शनिवार को हुई। बैठक में शामिल जिले की 9 तहसीलों के पटवारियों की मौजूदगी में विभिन्न एजेंडों पर बिंदुवार चर्चा हुई।

इसमें पूर्व मांगों को लेकर जिसमे समयमान-वेतनमान, किसान-किताब की उपलब्धता, परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर चुके पटवारियों का स्थायीकरण, गोपनीय चरित्रावली का संधारण, पास बुक सर्विस बुक का संधारण के साथ खरीफ गिरदावरी में हुई फ़सल त्रुटि के नाम पर सम्पूर्ण छतीसगढ़ में केवल बेमेतरा जिले में पटवारियों के निलंबन पर चिंता व नाराजगी जाहिर की गई। इस दौरान बताया गया कि पूर्व में बेरला अनुविभाग से अश्वनी भास्कर, कुछ ही दिन पूर्व साजा अनुविभाग से भोमलता उपाध्यय, आशीष मांडले, बेमेतरा अविनुभाग से सुरेखा सोनी को निलंबित किया गया है। जबकि शासन प्रशासन से गिरदावरी कार्य पंचायत सचिव, कृषि ग्रामीण विस्तार अधिकारी, एवं उद्यानिकी अधिकारी के संयुक्त टीम द्वारा कराये जाने का प्रवधान है, जिसमें गिरदावरी समय में पंचनामा, दावा आपत्ति उसके बाद प्रकाशन तथा उच्च अधिकारियों द्वारा सतत जाँच की जाती है। खरीफ गिरदावरी के महीनों बाद तथा धान खरीदी के पश्चात साथ ही ▶▶| शेष पेज 11 पर

# प्रत्याशियों को गणना पर्ची प्रदान करने के बाद बदल दिए गए परिणाम : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- पूर्व विधायक ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर लगाए आरोप

कार्यवाहक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचन आयोग की कार्यशैली को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि कुछ जगहों से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि प्रत्याशियों को गणना पर्ची प्रदान किए जाने के बाद निर्वाचन परिणाम बदल दिए गए।

उन्होंने कहा कि इससे निश्चित है कि प्रशासन भाजपा के दबाव में चुनाव करा रहा था। भाजपा के स्थानीय बड़े नेताओं के दबाव में चुनाव परिणाम बदले गए हैं, जिसका उदाहरण जनपद पंचायत बेरला के संडी ग्राम का है, जहां त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में रिटर्निंग ऑफिसर एवं पीठासीन की मिली भगत से सरपंच चुनाव के परिणाम बदल दिए गए। उन्होंने कहा कि पूर्व में विजयी प्रत्याशी को पीठासीन अधिकारी द्वारा गणना पर्ची प्रदान कर दी गई। उक्त विजयी प्रत्याशी अपना विजय जुलूस लेकर मतगणना स्थल से निकला और उसके जाते ही भाजपा नेताओं के दबाव में रिटर्निंग ऑफिसर तथा पीठासीन अधिकारी ने हारे हुए प्रत्याशी के पक्ष में परिणाम घोषित कर दिया। इसी तरह ग्राम पंचायत खमरिया एम के पंच चुनाव में जहां मतदाताओं की संख्या 90 है, वहां पर 98 मत पड़े हैं, जो दर्शाता है कि चुनाव में भारी अनियमितता बरती गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव में मत पत्र के पीछे पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर सहित सील लगी होती है, जो इस बात की पहचान है कि उक्त मत संबंधित मतदान केंद्र में पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी किए गए हैं। ऐसे में कुल मतदाता 90 के स्थान पर 98 मत पत्र मिलना त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के निर्वाचन को संदिग्ध बनता है। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि इस प्रकरण की शिकायत राज्य निर्वाचन आयोग से की जाएगी साथ ही प्रकरण में न्यायालय का भी सहारा लिया जा रहा है।

# सरस्वती शिशु मंदिर कठौतिया में मनाया गया वार्षिक उत्सव



**बेमेतरा/दाढ़ी।** सरस्वती शिशु मंदिर कठौतिया में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकुल कठौतिया के सभी शिक्षकों को आमंत्रित किया गया। मुख्य अतिथि सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजानन सिंह ठाकुर थे। जिला पंचायत सदस्य अंजलि नंदराम गंधर्व, ग्राम पंचायत सरपंच राजाराम चंद्राकर, अशोक कुमार गंधर्व प्राचार्य कठौतिया, गोविंद वैष्णव सरपंच ग्राम पंचायत खैरा, पूर्व सरपंच सुजीत पटेल रहे। इस दौरान कार्यक्रम में बच्चों ने अनेक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी और झांकी का प्रदर्शन किया। नवनिर्वाचित सरपंच ने बच्चों की प्रतिभा के साथ साथ कार्यक्रम की सराहना की और लगातार सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नागरिक दिनेश मिश्रा, राधेश्याम विश्वकर्मा, मनोज शर्मा, रामनारायण साहू, कपिल पटेल, पुष्पराज साहू, नूतन साहू, गौतम साहू, बलराम चंद्राकर, दिलीप यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पेयजल संकट को लेकर पालिका प्रशासन उदासीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





- शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन व जिला कांग्रेस महामंत्री ललित ने लगाए आरोप
- कहा- नगर पालिका अध्यक्ष का बयान गैर जिम्मेदाराना

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी एवं जिला कांग्रेस के महामंत्री ललित विश्वकर्मा ने नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा के बयान पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि श्री सिन्हा का यह बयान कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा शहर में 400 फीट की जगह 250 फीट गहरा बोर किया गया है, गैरजिम्मेदाराना है साथ ही उनकी अनभिज्ञता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष स्वयं भी पूर्व में भी पालिका अध्यक्ष रहे हैं, क्या उनकी जानकारी में यह नहीं है कि शहर में 250 फीट की गहराई में पानी की उपलब्धता नहीं है। वास्तविकता यह है कि पेयजल संकट के लिए भाजपा की सरकार पूरी तरह से दोषी है।

कांग्रेस नेताओं ने आगे बयान में कहा कि 15 वर्ष सरकार में रहने के बाद भी नगर के सम्पूर्ण वार्डों में आज तक मीठे पानी की आपूर्ति नहीं की जा सकी। पेयजल सप्लाई के लिए भाजपा की सरकार में घटिया स्तर की पाइप लाइन बिछाई गई है, जो जगह जगह से जर्जर हो चुकी है, जिसके कारण पानी की सप्लाई नहीं हो पाई है। आखिर क्यों इस पेयजल संकट के समय एनीकेट के गेट खोलने की आवश्यकता पड़ गई है। यह सरकार में बैठे लोगों को बताना चाहिए। अगर पालिका अध्यक्ष को यह लगता है कि पूर्व में बोर खनन या अन्य कार्यों में अनियमितता बरती गई है, तो अभी वे स्वयं पालिका अध्यक्ष हैं, भाजपा की सरकार है, जांच कराकर दोषी अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई करानी चाहिए। पूर्ववर्ती सरकार पर उंगली उठाने से पहले उनको अपने पूर्व कार्यकाल को याद कर लेना चाहिए, जहां भ्रष्टाचार चरम पर था। गरीब परिवारों के साथ कैसे छलावा किया गया, बाजार को उजाड़ने का काम किया गया, बस स्टैंड को शहर से बाहर ले जाने की योजना बनाई गई। पालिका बाजार में दुकान निर्माण के नाम पर अनियमितता बरती गई।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नगर की जनता ने जो जनादेश दिया है, उनका पालन करते हुए शहर में उत्पन्न हुए पेयजल संकट से निजात दिलाने की सार्थक पहल करने के बजाय नगरपालिका अध्यक्ष बयानबाजी में लगे हुए हैं। वर्तमान समय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करने के बजाय ▶▶| शेष पेज 11 पर

**कृषि विज्ञान केंद्र में हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन**

# किसानों को एकीकृत कीट प्रबंधन तकनीकों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कार्यक्रम में 70 प्रगतिशील किसानों के साथ उत्पादक संगठन, व्यापारी व किसान मित्र हुए शामिल

कृषि विज्ञान केंद्र में दो दिवसीय मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 70 प्रगतिशील किसान, किसान उत्पादक संगठन के सदस्य, कीटनाशक व्यापारी, महिला किसान सखी एवं किसान मित्र शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन तोषण कुमार ठाकुर प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र एवं डॉ. रीता सिंगारे, वरिष्ठ वैज्ञानिक कीट विज्ञान द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान किसानों को एकीकृत कीट प्रबंधन की तकनीकों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही इसके प्रभावी उपयोग के संबंध में चर्चा की गई। कन्हैया लाल मीना, वैज्ञानिक सहायक ने किसानों को एनपीएसएस मोबाइल ऐप के प्रयोग एवं उसकी विशेषताओं की जानकारी दी। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को एकीकृत कीट प्रबंधन तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिससे वे अपने खेतों में सुरक्षित और प्रभावी कीट नियंत्रण उपायों को लागू कर सकें।





### कृषि यंत्र एवं उपकरणों के संबंध में भी बताया गया

कार्यक्रम के दूसरे दिन उप निदेशक, केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रायपुर नीरज सिंह एवं डॉ. आशीष जायसवाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक (पी.पी) ने कीटनाशकों के सुरक्षित और उचित उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा, डॉ. जितेंद्र कुमार जोशी, वरिष्ठ वैज्ञानिक (वि.वि.वि.) ने प्रशिक्षणार्थियों को कीट प्रबंधन में उपयोग किए जाने वाले कृषि यंत्र एवं उपकरणों की जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन में डोमन सिंह टेकाम, डॉ. लव कुमार, शिव कुमार सिन्हा,कमलेश कुमार बघेल एवं राजेश कुमार पाठक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बाइक ने स्कूटी को मारी टक्कर, मां-बेटी घायल

**बालोद।** शनिवार की रात 8 बजे घोटिया मार्ग पर एक गैरेज के पास बाइक ने स्कूटी सवार मां-बेटी को टक्कर मार दी। दुर्घटना में स्कूटी चालक मां के चेहरे व सिर में चोटें में आई हैं, जिन्हें राहगीरों ने ईलाज के लिए शासकीय अस्पताल डौंडी पहुंचाया, जहां से उचित ईलाज के लिए हायर सेन्टर रिफर किया गया है। घायल अंजूलता के पिता ग्राम कांडे निवासी रोमन लाल साहू ने बताया कि मेरी बेटी अंजूलता निर्मलकर मथाई चौक डौंडी में किराये के मकान में रहकर ब्यूटी पार्लर का काम करती है। वह शनिवार को दुकान बंद कर गंगोलीडीह शादी कार्यक्रम में गई थी। शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपनी बेटी मेघा के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 07 एके 9178 से वापस घर डौंडी आ रही थी।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# निगम सभापति, पालिका उपाध्यक्ष और जिला पंचायत अध्यक्ष के दावेदारों का पैनल बनाने में जुटी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के परिणाम आने के बाद अब भाजपा का प्रदेश संगठन नगर निगम के सभापति, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के उपाध्यक्षों के साथ ही अब जिला पंचायतों के अध्यक्ष के लिए प्रत्याशी तय करने की कवायद में जुट गया है। सभी के लिए पर्यवेक्षक भी तय हो गए हैं। सभी पर्यवेक्षक अपनी-अपनी जिम्मेदारी वाले निकायों में जाकर रायुशमारी करने के बाद तीन मार्च तक प्रदेश संगठन को दावेदारों का पैनल सौंप देंगे। इसके बाद जिस दिन जिस निकाय या फिर जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव होगा, उस दिन वहां का प्रत्याशी घोषित कर दिया जाएगा।

नगरीय निकाय चुनाव में प्रदेश के सभी निगमों में भाजपा के महापौर बने हैं। इसी के साथ 49 नगर पालिकाओं में से 35 में भाजपा के अध्यक्ष बने हैं। नगर पंचायतों में भाजपा के 81 स्थानों पर अध्यक्ष बने हैं। अब भाजपा ने सभी स्थानों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त करके उनको सभापति, उपाध्यक्षों के दावेदारों का पैनल बनाने का काम सौंपा है।

## जिस दिन जहां का चुनाव, उसी दिन घोषित किए जाएंगे प्रत्याशी



### जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव 4 से 12 तक

पहले जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव एक ही दिन पांच मार्च को होने थे, पर इसको बदलकर 4 से 12 मार्च तक का समय तय किया गया है। भाजपा ने 33 जिलों के लिए पर्यवेक्षक तय कर दिए हैं। रायपुर का शिवरतन शर्मा, बलौदाबाजार का रूपकुमारी चौधरी, गरियाबंद का सुरेंद्र पाटनी, महासमुंद का जगन्नाथ पाणिग्रही, धमतरी का मोतीलाल साहू, दुर्ग का गौरीशंकर अग्रवाल, बेमेतरा, भरत लाल वर्मा, बालोद अजय चंद्राकर, राजनांदगांव का भूपेंद्र सवन्नी, मोहला मानपुर का नीलू शर्मा, खैरागढ़ का रमेश पटेल, कवर्धा का नारायण सिंह चंदेल, कांकेर का यशवंत जैन, कोंडागांव का सतीश लाटिया, नारायणपुर का भरत मटियारा, बस्तर का रजनीश सिंह, दंतेवाड़ा का श्रीनिवास राव मद्दी, सुकमा का दिनेश कश्यप, बीजापुर का गौतम गोलछा, बिलासपुर का राजीव अग्रवाल, मरवाही का एसडी बड़गैया, मुंगेली का प्रहलाद रजक, सक्ती का राजा पांडेय, जांजगीर-चांपा का छगन मुदड़ा, कोरबा का धरमलाल कौशिक, बिलाईगढ़ उमेश अग्रवाल, रायगढ़ का सियाराम साहू, जशपुर का अनिल सिंह, सरगुजा का कृष्णा राय, सूरजपुर का अनुराग सिंहदेव, बलरामपुर का अखिलेश सोनी, मनेंद्रगढ़ का भीमसेन अग्रवाल और कोरिया का संजय श्रीवास्तव को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

## खबर संक्षेप

### बैज ने रेकी मामले में मुख्यमंत्री और डीजीपी को लिखा पत्र, कार्रवाई की मांग



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने 26 से 27 फरवरी की दरमियानी रात तक उनके घर के सामने दंतेवाड़ा पुलिस के तीन कर्मियों द्वारा सादे वेश में जासूसी किए जाने की घटना पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र लिखा है कि पूछताछ पर उन कर्मियों ने एएसपी आरके बर्मन के निर्देश पर रायपुर स्थित देवेंद्र नगर ऑफिसर कालोनी में उनके सरकारी बंगले के सामने 24 घंटे तक रेकी की। दंतेवाड़ा की नंबर प्लेट वाली गाड़ी से आए थे। इस घटना की लिखित शिकायत गंज थाने में 28 फरवरी को की गई। मामले में उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि घटना के संबंध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय मीडिया के लोगों के पूछताछ करने के बाद इसका पता चला तब मामले में तीनों पुलिस कर्मियों से यहां आने का कारण पूछे जाने पर यह खुलासा हुआ है।

### ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी का कार्यकाल बढ़ा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला का राज्य शासन ने एक वर्ष का कार्यकाल बढ़ा दिया है। श्री शुक्ला 28 फरवरी 2024 से ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। श्री शुक्ला ट्रांसमिशन कंपनी में अपने मूल पद कार्यपालक निदेशक से इस वर्ष 31 जुलाई को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होते, लेकिन अब नए आदेश से उन्हें फरवरी 2026 तक काम करने का मौका मिल गया है।

### भारतीय जनऔषधि सप्ताह की शुरुआत, निकाली रैली

**रायपुर।** टिकरापारा क्षेत्र में जागरूकता रैली के साथ भारतीय जनऔषधि सप्ताह का शुभारंभ किया गया। रैली का उद्देश्य लोगों को जनऔषधि केंद्रों में उपलब्ध सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं के बारे में जागरूक करना था। योजना के छत्तीसगढ़ के प्रबंधक अनीश वोडितेलवार ने बताया कि रैली में लोग बैनर-पोस्टर के माध्यम से लोगों को इस सस्ती दवाओं के बारे में जानकारी दे रहे थे। जनऔषधि दिवस का आयोजन 1 से 7 मार्च तक किया जा रहा है। वर्तमान में रायपुर में जनऔषधि के 20 केंद्र संचालित हैं।

### शिक्षा के प्रचार-प्रसार में सिख मिशन का बड़ा योगदान



**रायपुर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा विशाखापट्टनम आंध्रप्रदेश में भिन्न-भिन्न स्कूल, कॉलेजों में पढ़ रहे 105 सिकलीगर और वंजारे सिख बच्चों की वर्ष 2023-24 की 16 लाख 70 हजार रुपए की फीस की राशि संबंधित स्कूल, कॉलेजों के प्रबंधकों को सौपी गई। इसे कुछ दिन पहले धर्म प्रचार कमेटी द्वारा रायपुर में भी छत्तीसगढ़ के भिन्न-भिन्न शहरों के स्कूल-कॉलेजों में पढ़ रहे 111 सिख सिकलीगर और वंजारे सिक्खों के बच्चों की 13 लाख 44 हजार रुपए की फीस राशि दी गई। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा वर्ष 2010 से लगातार हर वर्ष स्कूल-कॉलेजों की फीस का भुगतान किया जा रहा है।

### कलेक्टर गाइडलाइन में वर्ष 2016 के बाद बढ़ा नहीं जमीन का बाजार भाव

# 8 साल से बढ़ी नहीं जमीन की कीमत, अप्रैल से नई दर होगी तय, अब तक सर्वे भी शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में पिछले 8 साल से सरकारी बाजार भाव में जमीन की कीमत बढ़ी नहीं है और न ही इन वर्षों में जमीन की कीमत को लेकर कोई सर्वे किया गया है। इस बार भी सर्वे को लेकर अभी तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ है, जबकि सर्वे के लिए अब मात्र मार्च का समय ही बचा है, क्योंकि जो भी नई दर लागू होगी वह एक अप्रैल से होगी। इधर सर्वे को लेकर एसडीएम नंदकुमार चौबे ने कहा कि यह रूटीन प्रक्रिया है। हर साल जमीन का सर्वे किया जाता है और इस बार भी किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर तहसीलदार एवं पटवारियों ने बताया कि सर्वे को लेकर अब तक कोई आदेश न जारी हुआ है और न ही उन्हें मिला है। आदेश जारी होने के बाद ही सर्वे का काम शुरू होगा। रायपुर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले 8 वर्षों में कौन-कौन से इलाके में कितना डेवलपमेंट हुआ है और उन इलाकों में जमीन की कीमत कितनी बढ़ी है, इसका मूल्यांकन सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ही तय होना है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले में सर्वे का काम सभी तहसील कार्यालयों के एसडीएम द्वारा कराया जाता है, जिसके लिए उप समिति का गठन किया जाता है। इस समिति में तहसीलदारों से लेकर आरआई और पटवारियों को शामिल किया जाता है, जो अपने-अपने तहसील क्षेत्र के डेवलपमेंट इलाकों में सर्वे कर वहां की जमीन की वर्तमान कीमत का पता लगाकर इसकी रिपोर्ट तैयार करते हैं।



#### इस तरह बढ़ी कीमत

राजधानी रायपुर की बात करें तो जिन इलाकों में 8 वर्ष पहले जमीन की कीमत 1000 से 1200 सौ रुपए फीट थी। उसी क्षेत्र में अब उसकी कीमत बढ़कर 2500 से लेकर 4000 रुपए फीट तक हो गई है। अमलीडीह, चंगोराभाठा, संतोषीनगर, भाठागांव, रायपुरा, कबीरनगर, कोटा, मोवा, गुढ़ियारी सहित ऐसे कई इलाके हैं, जहां की जमीन की कीमत कई गुना बढ़ चुकी है।

#### भूमाफिया-कारोबारी उठा रहे लाभ

जमीन की कीमत नहीं बढ़ने का सबसे ज्यादा फायदा भू-माफिया एवं कारोबारी उठा रहे हैं। वे दोनों मनमानी कीमत पर जमीन की खरीदी और बिक्री कर मुनाफा कमा रहे हैं, वहीं सरकारी बाजार भाव में जमीन की कीमत नहीं बढ़ने से रजिस्ट्री में भी उन्हें ज्यादा स्टांप शुल्क देना नहीं पड़ रहा है। इससे सरकार को हर महीने करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति भी हो रही है। कलेक्टर गाइड लाइन में जमीन का बाजार भाव इससे पहले वर्ष 2016 में बढ़ाया गया था।

#### 8 साल से सर्वे नहीं, इसलिए जमीन का मूल्यांकन भी नहीं

सूत्रों के अनुसार जिले में पिछले 8 साल से जमीन की कीमत को लेकर कोई सर्वे ही नहीं किया गया है। इसके कारण रायपुर, धरसींवा, अभनपुर, आरंग व तिल्दा क्षेत्र में किस इलाके में जमीन का कितनी कीमत चल रही है, इसका अब तक मूल्यांकन ही नहीं हो पाया है। हालांकि तत्कालीन कांग्रेस शासन के कार्यकाल में जमीन की कीमत में बढ़ोतरी की जगह 30 प्रतिशत की छूट दी गई थी। इस छूट के बाद जिले में जमीन की जमकर खरीदी-बिक्री हुई, जिसके कारण पंजीयन विभाग में रजिस्ट्री भी बंपर हुई। इससे शासन को भी राजस्व के रूप में अच्छी आय हुई। राज्य में सरकार बदलने के बाद एक अप्रैल 2024 को 30 प्रतिशत छूट को समाप्त कर दिया गया। इसके बाद रजिस्ट्री फिर महंगी हो गई है, लेकिन जमीन की कीमत अभी भी 8 वर्ष पूर्व कीमत पर ही हो रही है, जबकि इन वर्षों में इसकी कीमत कई गुना बढ़ चुकी हैं।

#### *जिला समिति में लेंगे निर्णय*

*जिले में वैसे तो अभी जमीन की कीमत को लेकर सर्वे शुरू नहीं हो पाया है। इस बीच अगर आदेश जारी होता है तो मार्च महीना खत्म होने से पूर्व इसका सर्वे करना होगा। सर्वे के बाद इसकी रिपोर्ट जिला समिति की बैठक में रखी जाएगी। इस समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे। इसके अलावा पंजीयन विभाग , नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, नगर निगम प्रशासन सहित अन्य विभागों के अधिकारी समिति के सदस्य होंगे। इस बैठक में रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।*

#### *रूटीन प्रक्रिया, जारी है सर्वे*

*हर साल जमीन का सर्वे किया जाता है। इस बार भी किया जा रहा है। यह रूटीन प्रक्रिया है।*

*- नंदकुमार चौबे, एसडीएम रायपुर*

#### *आदेश नहीं मिला है*

*सर्वे का आदेश अभी मिला नहीं है। मार्च का महीना बचा है। आदेश मिलने पर सर्वे किया जाएगा।*

*- पवन कोसमा, तहसीलदार रायपुर*

#### *आदेश आने पर करेंगे सर्वे*

*जमीन की कीमत को लेकर सर्वे किया जाना है। ऐसा कोई आदेश हमें नहीं मिला है। आदेश मिलने पर सर्वे का काम शुरू करेंगे।*

*- कमलेश तिवारी*
*अध्यक्ष, पटवारी संघ रायपुर*

# नगर निगम में सभापति और नेता प्रतिपक्ष बनाने कांग्रेस ने नियुक्त किए पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगर निगमों में सभापति और नेता प्रतिपक्ष तथा जिला पंचायत में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। राजधानी रायपुर प्रतिमा चंद्राकर, दुर्ग सुबोध हरितवाल, बिलासपुर प्रमोद दुबे समेत 33 पर्यवेक्षक बनाए गए हैं।

पर्यवेक्षकों की सूची में अनुभवी नेताओं के साथ महिला प्रतिनिधियों के भी नाम शामिल है। प्रतिमा चंद्राकर को रायपुर नगर निगम, प्रमोद दुबे को बिलासपुर नगर निगम और शिव डहरिया को रायगढ़ नगर निगम की जिम्मेदारी दी गई है। जयसिंह अग्रवाल को मनेंद्रगढ़ और जांजगीर-चांपा जिला पंचायत की जिम्मेदारी सांसद ज्योत्सना महंत को सौंपी गई है। नगर पंचायत और नगर पालिका के लिए भी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनने के लिए कांग्रेस ने पर्यवेक्षक भेजने का निर्णय लिया है। कांग्रेस की ओर से सूची जारी कर दी गई है।

**जिला पंचायतों में कांग्रेस की स्थिति अच्छी- बैज:** पर्यवेक्षक नियुक्ति को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जिला पंचायतों में कांग्रेस अच्छी स्थिति में है, इसलिए सभी जिलों के जिला पंचायतों के अध्यक्षों के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक और प्रभारी की नियुक्ति किए गए है। नगर निगम और नगर पंचायत में सभापति, नेता प्रतिपक्ष चयन के लिए भी नियुक्ति की गई है। प्रभारी पर्यवेक्षक जल्द से जल्द अपने-अपने क्षेत्र में बैठक कर ज्यादा से ज्यादा अध्यक्ष चुनकर आएं, ये सुनिश्चित करेंगे।

### सुरेश दुआ ने जीता सुपर रैडोन्नेयर्स का खिताब

**रायपुर।** रायपुर रैडोन्नेयर्स द्वारा आयोजित सुपर रैडोन्नेयर्स चुनौती को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया था। रायपुर के साइकिलिस्ट सुरेश दुआ ने इस चुनौती को स्वीकारते हुए निर्धारित 6 दिन की अवधि में इसे पूरा किया। सुपर रैडोन्नेयर्स में साइकिलिस्ट को 2 सौ किलोमीटर 13.5 घंटे, 3 सौ किमी 20 घंटे, 4 सौ किमी 27 घंटे एवं 6 सौ किमी 40 घंटे में पूरी करनी होती है। इस 6 दिन के सुपर रैडोन्नेयर्स चुनौती में सहनशक्ति, शारीरिक एवं मानसिक क्षमता की परीक्षा होती है।

## व्यापारी एकता पैनल ने बनाई पंच कमेटी, 5 को प्रत्याशियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के त्रैवार्षिक चुनाव को लेकर जय व्यापार पैनल और व्यापारी एकता पैनल आमने-सामने हैं। जय व्यापार पैनल ने चैंबर चुनाव को लेकर प्रदेश के विभिन्न व्यापारिक संगठनों से मुलाकात कर अपने प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन मांगने बैठक लेनी शुरू कर दी है। वहीं व्यापारी एकता पैनल ने एक दिन पूर्व बैठक कर पंच कमेटी का गठन किया है। इसमें अध्यक्ष पद के संभावित नामों पर चर्चा की गई, जिसमें सतीश थौरानी, विजय अग्रवाल, चेतन तारवानी, सरल मोदी और राधाकिशन सुंदरानी का नाम शामिल है। इसी तरह महासचिव पद के लिए अमर बंसल, विजय मुकीम, सुभाष अग्रवाल, राजेश वासवानी, संजय जैन, निकेश बरड़िया, कोषाध्यक्ष पद के लिए विनोद तलरेजा, अरविन्द जैन, योगी अग्रवाल, जसप्रीत सिंह के नाम संभावित हैं। 5 मार्च को पंच कमेटी की बैठक में प्रत्याशियों का चयन किया जायेगा ।

#### जय व्यापार पैनल ने मनमोहन अग्रवाल को मुख्य चुनाव संचालक बनाया

जय व्यापार पैनल ने मनमोहन अग्रवाल को मुख्य चुनाव संचालक नियुक्त किया है। पैनल से जितेन्द्र दोशी और विक्रम सिंहदेव ने बताया कि शनिवार को छत्तीसगढ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज 2025 चुनाव के लिए जय व्यापार पैनल ने मुख्य चुनाव संचालक मनमोहन अग्रवाल को नियुक्त किया है। साथ ही चुनाव सह संचालक की नियुक्ति भी की है। पैनल ने मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली को पत्र जारी कर जय व्यापार पैनल के मुख्य चुनाव संचालक एवं सह संचालक की जानकारी दी। जय व्यापार पैनल से पत्राचार करने पैनल के मुख्य चुनाव संचालक व सह संचालक इस प्रकार हैं, मनमोहन अग्रवाल, नरेन्द्र दुग्गड़,गार्गी शंकर मिश्रा, विनय बजाज, कैलाश खेमानी।



### आयुष्मान के नाम पर वसूली निजी अस्पतालों की शिकायत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने राजधानी के निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना की आड़ में मरीजों से की जा रही वसूली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हाल ही में रायपुरा के निजी अस्पताल में मरीज के परिजनों से 40 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। वहीं के दूसरे अस्पताल में हाइड्रोसिल का ऑपरेशन करने योजना के हितग्राही से 20 हजार रुपए डिमांड की गई। पीड़ित परिवारों के साथ छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने सीएमएचओ और कलेक्टर से लिखित शिकायत की है, साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इसी तरह देवेंद्र नगर, शंकर नगर तथा अन्य अस्पतालों में भी मरीजों को परेशान करने की शिकायत दर्ज कराई गई है।

# चुनाव खत्म, काम पर लौटने लगे मजदूर मनरेगा में तालाबों के गहरीकरण में तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का असर मनरेगा के कार्यों पर भी पड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत नए और पुराने तालाबों के लिए गहरीकरण के कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन चुनाव के कारण ज्यादातर मजदूर मनरेगा का कार्य छोड़कर चुनाव प्रचार में जुट गए थे। चुनाव प्रचार में मजदूरों को मनरेगा में मिलने वाली एक दिन की मजदूरी से अधिक पैसे मिलते थे, जिसके कारण मनरेगा में मजदूरों का टोटा हो गया था। कम संख्या में मजदूरों के काम पर पहुंचने के कारण तालाबों के गहरीकरण के कार्य भी धीमी गति से हो रहे थे, लेकिन अब चुनाव खत्म हो गया है और मजदूर फिर से मनरेगा के काम पर लौटने लगे हैं, जिससे तालाबों के गहरीहरण के कार्य भी अब जोर पकड़ने लगे हैं।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा अंतर्गत नए के साथ पुराने तालाबों का किया जा रहा गहरीकरण



#### गर्मीभर तेज रफ्तार से होगा काम

मजदूरों के वापस लौटने से तालाबो के गहरीकरण के कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। यह रफ्तार आगामी दिनों में और जोर पकड़ेगी, जिससे संभावना जताई जा रही है कि गर्मीभर में कई तालाबों के गहरीकरण के कार्य भी पूर्ण कर लिए जाएंगे।

#### 1077 तालाबों का होना है गहरीकरण

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत पिछले दो साल में 1723 तालाबों के गहरीकरण के कार्य होने हैं। इनमें से अब तक 646 तालाबों के गहरीकरण के कार्य ही पूर्ण हो पाए हैं, वहीं शेष 1077 तालाबों के गहरीकरण के कार्य अभी अधूरे हैं। इन अधूरे कार्यों को जल्द से जल्दा पूरा कराने के लिए विभाग की ओर से पूरा जोर दिया जा रहा है, लेकिन बारिश का सीजन, कभी धान की खरीदी तो कभी चुनाव इन कार्यों में बाधा बनी है, जिससे तालाबों के गहरीकरण के कार्य में विलंब हो रहे हैं। इनमें ऐसे कई तालाब हैं, जिनका गहरीकरण के कार्य दिसंबर तक पूर्ण हो जाने थे, लेकिन मजदूरों के काम पर नहीं आने के कारण वे अब तक अपूर्ण हैं।

#### *पीक सीजन में मनरेगा में 1 लाख से अधिक पहुंचते हैं मजदूर*

*पीक सीजन यानी गर्मी के महीनों में मनरेगा अंतर्गत काम पर एक लाख से अधिक मजदूर पहुंचते हैं। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। धान की कटाई, तौलाई से लेकर खरीदी का काम खत्म हो चुका है, वहीं चुनाव भी खत्म हो चुके हैं। मजदूर अब फिर से खाली हो गए है, जिसके बाद मजदूर अब मनरेगा के काम पर लौटने लगे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार मनरेगा में 50 हजार से अधिक काम पर पहुंचने लगे हैं। यह संख्या आगामी दिनों में लगातार बढ़ेगी।*

#### *पीक सीजन में तेजी से होगा काम*

*पीक सीजन शुरू हो गया है। मजदूर भी अब पहले से ज्यादा संख्या में काम पर पहुंच रहे हैं, जिससे काम में और तेजी आई है। शेष बचे तालाबों के गहरीकरण का कार्य तेज गति से जारी है।*

*- रोशनी तिवारी, जिला सहायक*

### मेंटेनेंस के लिए तय की जा रही एजेंसी, प्रबंधन ने जारी किया टेंडर

# अप्रैल-मई की गर्मी में 4 सौ कूलर देंगे मरीजों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




अप्रैल-मई में पड़ने वाली भारी गर्मी में आंबेडकर अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को 400 कूलर राहत देंगे। गर्मी की शुरुआत के पहले तीन मंजिला भवन के विभिन्न वार्डों में लगाए गए कूलरों के मेंटेनेंस के लिए एजेंसी तय की जा रही है। इन कूलरों के साथ आईसीयू, इमरजेंसी यूनिट तथा प्रशासनिक खंड में लगाए गए करीब ढाई सौ एसी लोगों को राहत का प्रयास पहुंचाने का प्रयास करते हैं।

मार्च की शुरुआत में ही गर्मी शहर में अपना असर दिखाना शुरू कर चुकी है। दूसरे पखवाड़े के बाद इसके तेवर और कड़े हो जाएंगे। गर्मी अप्रैल-मई में तो पीक पर होने की वजह से हालत खराब कर देती है। प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय डा. बीआर आंबेडकर अस्पताल की ऊपरी मंजिलों में स्थित वार्डों में भर्ती रहने वाले मरीजों की स्थिति ज्यादा दिक्कतों भरी होती है। अस्पताल का भवन काफी पुराना होने की वजह से यहां सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम नहीं है, इसलिए मरीजों को राहत देने के लिए कूलर और एसी का सहारा लिया जाता है। अस्पताल में मरीजों, डाक्टरों के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को राहत देने के लिए चार सौ से अधिक कूलर और करीब ढाई सौ एसी मौजूद हैं।

हर साल गर्मी के पहले इनके रखरखाव की आवश्यकता पड़ती है। गर्मी की शुरुआत के पहले ही आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा बिगड़े कूलरों को सुधारने तथा पूरी गर्मी उसका रखरखाव करने मानव संसाधन जुटाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए एजेंसी तय करने के लिए टेंडर जारी किया गया है। मार्च के अंतिम दिनों तक यह प्रक्रिया पूरी करने के बाद संभवतया गर्मी की शुरुआत के साथ कूलर का उपयोग शुरू कर दिया जाएगा।

#### वाटर कूलरों का रखरखाव

अस्पताल में रोजाना ओपीडी में आने वाले करीब डेढ़ हजार और भर्ती एक हजार मरीज के साथ चिकित्सकीय स्टाफ की प्यास बुझाने के लिए भूतल से लेकर अस्पताल के प्रत्येक फ्लोर पर तीन से चार वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। सामान्य दिनों में इससे मिलने वाले पानी से डिमांड पूरी हो जाती है। गर्मी में खपत बढ़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए जरूरतों के हिसाब से इसकी संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

#### *एसी खरीदी प्रक्रियाधीन*

*अस्पताल में ट्रामा एवं इमरजेंसी, विभिन्न विभागों के आईसीयू सहित अन्य स्थानों पर लगे पुरानी एसी को बदलने के लिए बड़ी संख्या में एसी खरीदी की अनुमति मिली है। अस्पताल प्रबंधन इसके लिए खरीदी की प्रक्रिया पूरी करने में जुटा हुआ है। माना जा रहा है कि गर्मी प्रारंभ होने के पहले खरीदी पूरी कर ली जाएगी। अस्पताल के अन्य वार्डों के साथ पेइंग वार्ड में लगे पुराने एसी को भी बदलने का प्रस्ताव है।*

### राजस्व मंत्री सहित जिम्मेदारों को बर्खास्त करें : कन्हैया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश के राजस्व मंत्री और उनके महकमें के प्रमुख जिम्मेदारों को बर्खास्त करने की मांग करते हुए कहा कि, मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता को राजस्व के घोटाले से मुक्ति दिलाएं और मठ मंदिर सार्वजनिक उपयोग की सरकारी भूमि को वह माफिया के कब्जे से बचाए।

उन्होंने कहा कि, विधानसभा में विधायकों के सवालों के जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा लगातार भ्रष्टाचारियों का बचाव करते गोलमोल जवाब देते रहे जिसके कारण विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को टिप्पणी करनी पड़ी के मंत्री जी विभाग को वेंटिलेटर में जाने से बचा लीजिए। विधानसभा अध्यक्ष की एक टिप्पणी ही सरकार के मंत्री और उनके महकमें के भ्रष्ट अधिकारियों के कारनामों की खुली किताब की तरह है। प्रदेश के मुखिया को इसे संज्ञान में लेते हुए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ 7 से



**रायपुर।** शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेस, बीटीआई मैदान के सामने तीन दिवसीय 7 से 9 मार्च तक श्रीराम कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। श्रीराम कथा के कथावाचक युगतुलसी श्री रामकिंकर महाराज की हृदयात्मजा कथा व्यास दीदी मां मंदाकिनी होंगी। श्रीरामकिंकर आध्यात्मिक मिशन की ओर से बताया गया है कि कथा प्रतिदिन शाम 6.30 से 8.30 रात्रि बजे तक होगी। इससे पूर्व शाम को 5.30 से 6.30 बजे तक भक्ति संगीत का कार्यक्रम पेश किया जाएगा।

### भारत का पहला क्रायोथेरेपी चेंबर अब रायपुर में



**रायपुर।** रायपुर अब देश के पहले क्रायोथेरेपी चेंबर का केंद्र बन गया है, जिसे एफ-95 एडवांस फिजियोथेरेपी सेंटर मैग्नेटो मॉल में लांच किया गया है। क्रायोथेरेपी का आगमन रायपुर को हेल्थ और स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक नया आयाम देगा, जिससे शहर राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान बना सकता है। सेंटर के पदाधिकारियों ने बताया कि क्रायोथेरेपी, यानी कोल्ड थेरेपी, दुनियाभर के एथलीट्स, फिटनेस उत्साही और दर्द से राहत पाने वाले लोगों के लिए एक प्रभावी तकनीक है, जो शरीर को -100°C से भी कम तापमान में कुछ मिनटों के लिए एक्सपोज कर मांसपेशियों की रिकवरी, सूजन में कमी और ऊर्जा स्तर बढ़ाने में मदद करती है। इस तकनीक का उपयोग दुनियाभर के ओलंपिक एथलीट्स और प्रोफेशनल स्पोर्ट्समैन करते हैं और अब यह सुविधा छत्तीसगढ़ में उपलब्ध होने से पूरे देश के खिलाड़ियों और स्वास्थ्य प्रेमियों को रायपुर आने के लिए आकर्षित करेगी। यह न केवल खेल जगत के लिए बल्कि पुरानी चोटों, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, नींद की समस्याओं और मानसिक तनाव से जूझ रहे लोगों के लिए भी लाभदायक सिद्ध हो सकती है।

### वाटर वर्ल्ड रायपुरा निगम का बकायादार फर्म नहीं

**रायपुर।** नगरनिगम जोन 8 के रायपुरा स्थित वाटर वर्ल्ड नगर निगम जोन 8 के राजस्व विभाग को पूर्ण भुगतान प्राप्त हो गया है। यह फर्म निगम का बकायादार फर्म नहीं है। जोन 8 जोन कमिश्नर ए.के. हालदार के निर्देश व जोन 8 सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक सुनील रधुवंशी ,नीलम सहारे की उपस्थिति में राजस्व वसूली अभियान चलाया गया। जिसमें रायपुरा स्थित वाटर वर्ल्ड से 19,45,240 रुपये की राजस्व प्राप्ति जोन 8 राजस्व विभाग को 31 मार्च 2025 के एक माह पूर्व प्राप्त हो गई ।

### गांधी सदन में प्रापर्टी टैक्स जमा करने काउंटर

**रायपुर।** निगम मुख्यालय में राजस्व विभाग की ओर से संपत्ति करदाता नागरिकों की सुविधा के लिए अलग से काउंटर प्रारंभ किया गया है। काउंटर में ऐसे सभी करदाता जिनकी प्रापर्टी ऑनलाइन दर्ज है। वे अपने संपत्ति कर का नगद ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। शनिवार को अवकाश के दिन भी संबंधित काउंटर से प्रापर्टी टैक्स जमा करने की सुविधा जारी रही।

### उपायुक्त राजस्व ने किया औचक निरीक्षण



**रायपुर।** शनिवार को नगर निगम आयुक्तअबिनाश मिश्रा के आदेश पर निगम उपायुक्त राजस्व डॉक्टर अंजलि शर्मा ने जोन 10 क्षेत्र के जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, जोन सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल की उपस्थिति में मारुति हेरिटेज,पारेख शो रूम और अन्य दुकानों का औचक निरीक्षण किया। साथ ही संपत्ति कर वसूली अभियान की जानकारी ली।

# सेक्सटार्सन, डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग का झांसा देने के बाद ओटीपी कॉल मर्ज कर ठगी का नया पैटर्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले ठगी करने हर तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। जालसाजों ने ठगी करने नया हथकंडा अपनाया है, जिसमें जालसाजों को मैनुअल तरीके से ओटीपी हासिल करने की जरूरत नहीं है। ओटीपी स्वयं उनके पास पहुंच जाएगी, इसके बाद जालसाज आपके अकाउंट को खाली कर सकते हैं। हालांकि राज्य में अब तक इस प्रकार की ठगी की घटना सामने नहीं आई है, बावजूद इसके साइबर पुलिस अलर्ट है और लोगों को किसी अंजान नंबर से आए कॉल करने वाले के कहने पर अपना कॉल मर्ज नहीं करने सतर्क किया है।

नए पैटर्न की ठगी को लेकर नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के यूपीआई ने भी इस नए तरीके के ठगी के शिकार होने से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है। उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए चेतावनी दी है कि साइबर ठग आपको ओटीपी बताने के लिए कॉल मर्जिंग का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके झांसे में न आएं, सतर्क रहें और अपने पैसे की सुरक्षा करें। पूर्व में जालसाज लोगों को उनके एटीएम ब्लॉक होने का झांसा देकर एटीएम का पासवर्ड हासिल कर ठगी करते थे। कॉल मर्जिंग कर ठगी करना उसी का एडवांस स्वरूप है।

**ऐसे करते हैं ठगी :** जालसाज किसी को कॉल कर उनके किसी करीबी रिश्तेदार या दोस्त से नंबर मिलने का झांसा देकर अपनी बातों में उलझाते हैं। विश्वास हासिल करने सामने वाले से बात कराने लाइन में होने का झांसा देकर कॉल मर्ज करने के लिए कहते हैं। इसके बाद सामने वाले के मोबाइल में कॉल वेटिंग आने लगता है। जालसाज के झांसे में आकर अगर कोई अपना कॉल मर्ज कर लेता है, ऐसे में जालसाज बैंक संबंधित जानकारी की ओटीपी हॉसिल कर चुटकियों में अकाउंट खाली कर देता है।

## नए पैटर्न की ठगी में जालसाज को ओटीपी पूछने की जरूरत नहीं

### कॉल मर्जिंग कॉल ओटीपी वाइस कॉल होता है

मोबाइल में दो तरह से ओटीपी जनरेट किया जाता है। इसमें एक एसएमएस के मध्यम से तो दूसरा वॉइस के माध्यम से ओटीपी जनरेट किया जाता है। जालसाज कॉल मर्जिंग को सुन ओटीपी की जानकारी हासिल कर अकाउंट में सेंध लगाने का काम करते हैं। इससे बचने के लिए किसी भी अंजान नंबर से किए गए कॉल की ओटीपी मर्ज नहीं करने साइबर पुलिस के अलावा एक्सपर्ट ने लोगों को समझाइश दी है।



### कॉल मर्ज स्कैम से ऐसे बचें

- किसी भी अंजान नंबर से बात करते समय दूसरी कॉल मर्ज न करें
- किसी से फोन पर बात करने किसी का वेटिंग कॉल आए, तो पहली कॉल कट करने के बाद ही कॉल रिसीव करें
- अगर अंजान व्यक्ति किसी परिचित या दोस्त का हवाला देकर बात करे, तो इसकी पहले पुष्टि कर लें, इसके बाद बातचीत का सिलसिला आगे बढ़ाएं
- अगर कॉल के माध्यम से आपको ऐसे लेन देन का ओटीपी मिला है, जिसे आपने शुरू ही नहीं किया है। ऐसी स्थिति में इसकी शिकायत 1930 के साथ ही डब्लूडब्लूडब्लू डॉट साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर कर सकते हैं।

# 500 करोड़ का सिटी डेवलपमेंट प्लान तैयार, 5 नए गौरवपथ, आउटर के दर्जनभर इलाकों में सड़क बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नगरीय प्रशासन संचालनालय को भेजेंगे प्रस्ताव

नगर निगम ने शहर विकास के लिए 500 करोड़ का रायपुर सिटी डेवलपमेंट प्लान तैयार किया है। इसमें शहर में 5 नए गौरवपथ का निर्माण होगा। रायपुरा क्षेत्र में महादेवघाट से लाखेनगर तक 4 किलोमीटर दायरे में शहर का दूसरा गौरवपथ बनाने की योजना है, जिसमें 29 करोड़ रुपये खर्च होंगे। टाटीबंध क्षेत्र में टाटीबंध से मोहबा बाजार तक लोगों के सुगम आवागमन के लिए करीब 2 किलोमीटर लंबा गौरव पथ 12 करोड़ की लागत से बनेगा। इसी तरह कौशिल्या विहार गेट से अटल एक्सप्रेस वे तक डेढ़ किलोमीटर लंबा गौरवपथ बनेगा। पचपेड़ीनाका से कालीबाड़ी चौक तक 14 करोड़ की लागत से शहर का चौथा गौरवपथ और फाफाडीह चौक से अंडरपास बिलासपुर रोड तक नया गौरवपथ बनाने का प्रस्ताव तैयार है।

नगरीय प्रशासन संचालनालय को रायपुर नगर निगम जल्द शहर के सिटी डेवलपमेंट का प्रस्ताव भेजेगा। इसका खाका तैयार हो गया है, 500 करोड़ रुपये के सिटी डेवलपमेंट प्लान में शंकरनगर क्षेत्र के खम्हारडीह स्थित बीएसएनएल आफिस से अंबुजा मॉल तक नई सड़क बनाई जायेगी। नगर निगम और लोक निर्माण नई सड़क का निर्माण करवायेगा। करीब 2 किलोमीटर लंबाई वाली सड़क के निर्माण में 13 करोड़ का खर्च अनुमानित है।




### 4 बड़े नालों के लिए 40 करोड़ का प्रस्ताव

रायपुर सिटी डेवलपमेंट प्लान में शहर के 4 बड़े नालों की दशा सुधारने 40 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है। इनमें तेलीबांधा से कचना फाटक तक के बड़े नाला को 12 फीट चौड़ा कर सुगम निकासी की व्यवस्था बनाई जायेगी। दो किलोमीटर लंबे इस नाला को सुधारने में 10 करोड़ खर्च होंगे। इसी तरह वंडरपार्क के पास बहने वाले बड़े नाले को सरोना से खारुन नदी तक 12 फीट चौड़ा करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही अटारी नाला को अटारी से खारुन नदी तक 12 फीट चौड़ा कर गंदे पानी के निकास की सुगम व्यवस्था बनाने 5 करोड़ खर्च अनुमानित है। फुंडहर से दलदल सिवनी तक छोकरानाला की चौड़ाई 25 फीट करने 20 करोड़ की योजना बनकर तैयार है।

### तालाबों के पास वेंडिंग जोन का प्रस्ताव

बूढ़ातालाब की तर्ज पर राजधानी के 5 अन्य तालाबों के पास पथकर विक्रेताओं को सुव्यवस्थित करने नए वेंडिंग जोन बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इनमें जोरा तालाब, गजराज बांधा तालाब, महंत तालाब, छुइहा तालाब और खमतराई तालाब शामिल हैं। इसके लिए 33 करोड़ का प्रावधान सिटी डेवलपमेंट प्लान में किया गया है। राज्य शासन के पास यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजा जा रहा है।

### ग्रामीण इलाकों में नगर निगम बनवाएगा आंतरिक सड़क

रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल आमासिवनी, लभांडी, रायपुरा, भाठागांव, सरोना, चंदनीडीह, सड्डू और अमलीडीह में लोगों के आवागमन को सुगम बनाने आंतरिक रोड का निर्माण कराया जायेगा। 11 जगहों पर रहवासी इलाके में नई सड़क बनाने 20 करोड़ का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जा रहा है।

### दलदल सिवनी में 2000 सीटर आडिटोरियम बनेगा

रायपुर नगर निगम के जोन 9 क्षेत्र स्थित कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी क्षेत्र में डेढ़ एकड़ खाली जमीन पर 2000 दर्शकों की क्षमता युक्त प्रेक्षागृह का निर्माण कराया जायेगा। इसकी अनुमानित लागत 35 करोड़ प्रस्तावित है। इसी प्रकार शहर के मध्य में स्थित ऐतिहासिक टाउनहाल के विकास के लिए 4 करोड़ की योजना बनेगी, ताकि प्राचीन धरोहर को संरक्षित रखा जा सके।

# माहांत तक 40 डिग्री पर तापमान तीन महीने अधिक गर्मी, लू के दिन और वर्षा की गतिविधि ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मौसम विभाग ने जारी किया तीन महीने का पूर्वानुमान, अभी रायपुर पारा 37 के करीब

मार्च की शुरुआत 36-37 डिग्री के तापमान के साथ हो गई है। उतार-चढ़ाव के साथ माह के अंत तक रायपुर समेत अन्य इलाकों में 40-41 डिग्री की गर्मी शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग दिल्ली द्वारा जारी किए गए पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल से लेकर मई के महीने में सामान्य से ज्यादा गर्मी, हीट वे की संख्या और बारिश की गतिविधि ज्यादा रहने की संभावना है।

प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाला पश्चिमी विक्षोभ इस बार अधिक संख्या में आया है। जनवरी के ठंड को कम करने के बाद फरवरी में इसकी वजह से मौसम में उतार-चढ़ाव रहा। रायपुर में मार्च के पहले दिन तेज धूप के साथ गर्मी महसूस होने लगी है। अनुमान है कि आने वाला दिन उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। दूसरे पखवाड़े से पारा चढ़ने में नियमितता आएगी और अंतिम दिनों तक शहर में तेज गर्मी का प्रभाव शुरू हो जाएगा। इधर मौसम विभाग दिल्ली द्वारा अगले तीन महीने यानी ग्रीष्म ऋतु का पूर्वानुमान जारी किया गया है। इसमें न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने, अप्रैल-मई में चलने वाली ग्रीष्म लहर के दिनों की संख्या और बारिश यानी बूंदाबांदी वाली स्थिति सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

### दूसरे दिन भी रायपुर सबसे गर्म

रायपुर में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। लगातार दूसरे दिन शहर सबसे गर्म रहा और दोपहर तेज धूप से लोग परेशान होते रहे। माना जा रहा है कि अगले चौबीस घंटे प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं होगा। अब अंबिकापुर से भी ठंड कम होने लगी है वहां भी न्यूनतम तापमान 13 डिग्री से अधिक हो चुका है।

### रायपुर में मार्च की गर्मी

रायपुर में 28 मार्च 1892 को सबसे अधिक यानी 43.33 डिग्री की गर्मी पड़ी थी। सबसे ठंडी 8.3 डिग्री वाली रात 4 मार्च 1898 की थी। पिछले दस साल में रायपुर का तापमान उतार-चढ़ाव के साथ 40 डिग्री तक पहुंचता रहा है। इस बार भी अंतिम दिनों में तेज गर्मी बढ़ने की संभावना है बशर्ते पश्चिमी विक्षोभ मौसम को प्रभावित ना करे।

# गर्मी में प्यास बुझाने निगम ने लगवाई 20 जगहों पर वाटर एटीएम, आधे से ज्यादा जगहों की मशीनें खराब, 3 मशीन चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- देखरेख के अभाव में मशीनें कबाड़, 3 जगह की वाटर एटीएम पार

रायपुर नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों, शासकीय आफिस, बगीचों के बाहर लोगों को गर्मी के दिनों में शुद्ध पेयजल सुगमता से उपलब्ध कराने करीब 2 करोड़ खर्च 20 जगहों पर वाटर एटीएम मशीनें लगवाई गईं। अनुबंधित एजेंसी को शर्त के मुताबिक 7 साल तक वाटर एटीएम मशीनों का संचालन व संधारण करना था, पर मशीन लगाने के 3 साल बाद ही एजेंसी बीच में काम छोड़कर वापस चली गई। नतीजतन देखरेख के अभाव में आधे से ज्यादा वाटर एटीएम मशीनें कबाड़ हो चुकी हैं। 3 स्थानों पर लगाई गई मशीन अज्ञात लोगों ने पार कर दी, बाकी जगहों पर वाटर एटीएम मशीन की हालत ये है कि मशीन सिक्का तो निगल रही पर ठंडा पानी नहीं आ रहा। लोग ठंडे पानी के लिए भटकने लगे हैं। वहीं शिकायत के बाद भी निगम प्रशासन उदासीन बना हुआ है।



**केस 1**

*केनाल रोड- मशीन बदहाल : पहले एक रुपये का सिक्का डालने पर लोगों को मिनटों में 1 लीटर शुद्ध व ठंडा पानी मिलता था। आज हालत ये है, वाटर एटीएम मशीन बंद पड़ी है। इसके तार भी कट गये हैं। मशीन के आसपास गंदगी फैली हुई है। नगर निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है, जबकि केनाल रोड से रोजाना बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है।*

**केस 2**

*खालसा स्कूल के पास : पंडरी इलाके में खालसा स्कूल के पास लगाये गये वाटर कूलर में पानी नहीं आ रहा। यहां कोर्ट से आने वाले लोगों, स्कूली बच्चों और राहगीरों को ठंडा पानी की सुविधा देने के मकसद से मशीन लगाई गई, पर मेटनेंस नहीं होने से यह खराब हो गई। शिकायत के बाद भी इसे सुधारा नहीं जा रहा है।*

# पुनर्विवाह परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक, बांटी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




बूढ़ापारा चौक बिजली ऑफिस के सामने स्थित प्रदेश कार्यालय में शनिवार को रायपुर ब्राइट फाउंडेशन की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में आगामी 9 मार्च को सुबह 11 बजे से पुरानी बस्ती, महामाया मंदिर स्थित सत्संग भवन हाल में सभी जाति व समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त सभी उम्र की महिला एवं पुरुषों के पुनर्विवाह के लिए आयोजित होने जा रहे परिचय सम्मेलन की अंतिम रूपरेखा तयकर प्रतिभागी पंजीयन, टोकन आवंटन, भोजन, प्रवेश व्यवस्था, मंचीय संचालन, काउंसिलिंग आदि के लिए प्रमुखजनों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई।

फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने संयुक्त रूप से बताया कि एकाकीपन का जीवन व्यतीत कर रहे प्रतिभागियों के अंधेरे जीवन में फिर से उजाला लाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के लिए अभी तक 144 पुरुष तथा 36 महिलाओं का अग्रिम पंजीयन किया जा चुका है, जो अभी भी लगातार जारी है। इस वर्ष महिलाओं एवं युवतियों का पंजीयन निशुल्क करने का निर्णय लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ उठा सकें। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। संस्था के पदाधिकारी लगातार तैयारी में जुटकर व्यापक प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

# सात वर्षों में 638 वर्ग किलोमीटर वनक्षेत्र आग की चपेट में आकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के वनों के लिए वनोपज महुआ काल साबित हो रहा है। महुआ बीनने वाले महुआ के लालच में जंगल को आग में झोंक रहे हैं। इसके कारण पिछले सात वर्षों में राज्य का 638 वर्ग किलोमीटर जंगल आग की चपेट में आकर खाक हो गया। इनमें सबसे ज्यादा आगजनी की घटना बस्तर इलाके के बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा एरिया में हुई।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा बल ऑपरेशन के दौरान जंगल में छिपे नक्सलियों को उनकी मांद से निकालने सूखी पत्तियों में आग लगा देते हैं। इस वजह से बस्तर के वनों में आगजनी की घटनाएं ज्यादा होती हैं। राज्य के दो तिहाई से ज्यादा इलाका 59 हजार वर्ग किलोमीटर का एरिया वनक्षेत्र में शामिल है। इस लिहाज से आग की चपेट में आकर वनक्षेत्र का एक प्रतिशत भू भाग आग की चपेट में आकर नष्ट हो गया है। आगजनी से सबसे कम नुकसान वर्ष 2020 तथा 2024 में हुआ है। वर्ष 2021 में आगजनी की घटना से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। इस वर्ष आग की चपेट में आकर डेढ़ सौ वर्ग किलोमीटर वनक्षेत्र प्रभावित हुआ है।



### इसलिए आगजनी के आंकड़े ज्यादा

एपीसीसीएफ लैंड मैनेजमेंट सुनील कुमार मिश्रा के अनुसार सेटेलाइट के माध्यम से आग लगने की जानकारी जैसे ही मिलती है, मौके पर वन अमला आग पर काबू पाने पहुंच जाता है। अफसर के अनुसार राज्य में साढ़े चार लाख के करीब वनाधिकार पट्टा बांटा गया है। इसके अलावा वनक्षेत्र में कोल माइंस है। जिन लोगों के पास वनाधिकार पट्टा है, उनके द्वारा भी अपने काम के लिए आग लगाई जाती है। इसकी भी जानकारी सेटेलाइट से मिलती है। इसके अलावा कोल माइंस में आग लगने की घटनाएं होती रहती हैं। उसकी भी जानकारी उन्हें सेटेलाइट से मिल जाती है। वन से सटे मैदानी इलाकों में लगने वाली आग की जानकारी सेटेलाइट से मिलती है। इस वजह से आगजनी की घटनाएं आकंड़ों में ज्यादा होती हैं। निजी कार्य के लिए लगाई गई आग तथा कोल माइंस की आग पर तत्काल काबू पा लिया जाता है।

### हरसंभव उपाय किए जा रहे

जंगल को आग से बचाने हर संभव उपाय किए जा रहे हैं। इसके लिए जनजागरुकता अभियान चलाने के साथ ही वनक्षेत्र में रहने वाले लोगों को आग बुझाने प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। जमीनी स्तर पर पहले से तैयारी करने की वजह से पिछले वर्ष जंगल को आग से कम नुकसान हुआ है।

- वी. श्रीनिवास राव, वनबल प्रमुख

# छोटे अस्पतालों को नर्सिंग होम एक्ट में राहत देने बनाए गए नियम, पर लागू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एएचपीआई ने बिहार की तर्ज पर लागू करने मांग की

तीस बिस्तर तक के छोटे अस्पतालों को नर्सिंग होम एक्ट में राहत देने के लिए राज्य में नियम तो बनाया गया है, मगर इसे अब तक लागू नहीं किया गया है। इसकी वजह से ऐसे अस्पतालों के संचालन में कठिनाई आ रही है। एएचपीआई ने बिहार की तरह यहां भी नियम लागू करने की मांग की है। एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि शासन द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए छोटे अस्पतालों के लिए नर्सिंग होम एक्ट के नियम में शिथिलता लाने के लिए नियम बनाया था। इसके तहत 30 बिस्तर तक के अस्पतालों को नर्सिंग होम एक्ट में पंजीयन की आवश्यकता से बाहर रखने की सुविधा दी गई थी। शासन ने नियम तो बनाया, मगर इसे अब तक लागू नहीं किया गया है, जिसकी वजह से छोटे अस्पतालों को काफी तकलीफ उठानी पड़ रही है। डा. गुप्ता ने कहा कि हाल ही में बिहार कैबिनेट द्वारा 40 बिस्तर तक के अस्पतालों को नर्सिंग होम एक्ट के तहत पंजीयन करने की छूट के प्रावधान को मंजूरी दी है। राज्य में छोटे नर्सिंग होम और एकल डॉक्टर क्लिनिक निर्बाध रूप से लोगों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर सके।

## पेज 9 के शेष

### गिरदावरी में त्रुटि के नाम ...

पटवारियों द्वारा समय में त्रुटि सुधार कर उच्च अधिकारियों द्वारा अप्रूवल के बाद भी पटवारियों पर ही निलंबन की कार्रवाई करना शासन प्रशासन पर प्रश्न खड़ा करता है। इसका राजस्व पटवारी संघ जिला बेमेतरा घोर निंदा प्रस्ताव करता है। साथ ही निलंबित पटवारियों पर की गई कार्रवाई निरस्त करने की मांग की गई। इसके साथ ही निरस्त नहीं होने की स्थिति में निलंबित पटवारियों का प्रभार कोई अन्य पटवारी नहीं लेंगे। साथ ही जिले में अतिरिक्त हल्का का भी बस्ता शासन को जमा करने को बाध्य होंगे। इस बैठक में राजस्व पटवारी संघ के अध्यक्ष बोधि निषाद, प्रांतीय पदाधिकारी एवं जिला सचिव अभिषेक माली, जिला सरंक्षक भूपेंद्र तिवारी, तहसील अध्यक्ष बेमेतरा फागू राम साहू, साजा सुंदर लाल घृतलहरे, देवकर विष्णु वर्मा, बेरला कमलेश चेलक, दाढ़ी गुरुवचन डेहरे एवं थानखमरिया स्वेता शर्मा सहित बड़ी संख्या में पटवारी उपस्थित रहे।

### पेयजल संकट को ....

पेयजल संकट पर सार्थक पहल करने की है। शहर की जनता ने कांग्रेस को विपक्ष की भूमिका का जनादेश दिया है, जिसका निर्वहन पार्टी पूरी ईमानदारी के साथ करेगी और जनता को होने वाले हर परेशानी में जनता के साथ खड़ी रहेगी।



## खबर संक्षेप

### पार्षद के खिलाफ जुर्म दर्ज

भिलाई। पार्षद के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध कायम किया है। दूसरे पक्ष की शिकायत पर पार्षद के खिलाफ धारा 296, 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि पार्षद एस वेकंट रमना ने जिन लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। उन्हीं में से शंभूनाथ की पत्नी ने भी पुलिस में पार्षद के खिलाफ शिकायत की है। पंचशील नगर चरोदा निवासी संजना ढोल ने पार्षद पर पर धमकी देने और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। घटना से करीब तीन से चार दिन से लगातार उसके घर आकर मकान खाली करने की बोल रहा था। पार्षद को अपने पति संभूनाथ से बात करने की सलाह दी थी। इसके बाद बाद भी 17 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे एस. वेंकट रमना घर आया। दो दिन के भीतर मकान खाली नहीं किया तो रात में जब वह अपने घर में सो रहे होंगे। वह बुलडोजर चलवा देगा।

### युवक पर ब्लेड से हमला

**भिलाई।** बहन से बात करने पर नाराज भाई ने एक युवक पर ब्लेड से हमला कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109, 115, 296, 351(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि शिवपारा निवासी अमित कुमार उमरपोटी काम पर जाने के लिए निकला था। शाम को अपने परिचय की इंदु और रीना अमित को घायल अवस्था में घर लेकर आए। अमित के गले में किसी धारदार वस्तु से चोट का गहरा निशान था। पूछने पर अमित ने बताया कि उमरपोटी से काम कर घर लौटते समय रोशन ठाकुर ने उसे रोक कर ब्लेड से हमला कर दिया।

### ट्रेन से कटा युवक

**भिलाई।** रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। घटना पावर हाउस रेलवे स्टेशन की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### गर्ल्स कॉलेज में प्रतिभा सम्मान

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के हिन्दी विभाग में प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में प्रावीण्य सूची में अमीषा देवांगन एम. ए. चतुर्थ सेम. हिन्दी ने चतुर्थ स्थान एवं अष्टम स्थान प्राप्त कु. लीना घावडे को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। केवल उत्तीर्ण होने के लिए विद्या अध्ययन नहीं करना चाहिए, अपितु ज्ञानार्जन के उद्देश्य से विद्या अध्ययन करना चाहिए। अध्ययनरत छात्राओं से कहा कि प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त छात्राओं से प्रेरित होकर उस दिशा में सतत प्रयत्नशील रहें। इस अवसर पर वर्षभर विभिन्न गतिविधियों में सहभागी छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। साथ ही डॉ. आरती सिंग राठौर अतिथि व्याख्याता को भी सम्मानित किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. मोनिया राकेश सिंह, डॉ. मुक्ता बाखला आदि ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव व आभार श्रीमती ज्योति भरणे ने किया।

## संबलपुर पुलिस चौकी में आयोजित सम्मेलन में एसएसपी ने कोटवारों को किया प्रेरित

# आप अपने ग्राम के सुरक्षा कवच हैं, अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह निभाएं : रामकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के पुलिस चौकी संबलपुर क्षेत्रांतर्गत के ग्राम कोटवारगण का कोटवार सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन पुलिस चौकी संबलपुर परिसर में किया गया। इस सम्मेलन में ग्राम कोटवारों को उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जानकारी दी गई, वहीं पुलिस और प्रशासन का सक्रिय सहयोग के गुण बताए गए।

कार्यक्रम के दौरान एसएसपी रामकृष्ण साहू ने कोटवारों को संबोधित करते हुए कहा कि कोटवार ग्राम के सुरक्षा कवच हैं। आप अपनी जिम्मेदारी बखूबी से निभाएं और ग्रामों में होने वाली अवैध व अन्य अपराधिक गतिविधियों में शामिल असामाजिक तत्वों के बारे में गोपनीय रूप से जानकारी दें। इसके साथ ही कहा कि

ऐसे लोगों पर निगरानी रखें, ताकि कानून व्यवस्था सुचारू रूप चल सके। उन्होंने कहा कि आपसी भाई चारे के साथ रहकर शांति व्यवस्था बनाये रखने में भूमिका निभाएं और मिलकर समस्या के समाधान की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिए। उक्त सम्मेलन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू एवं पुलिस चौकी संबलपुर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार क्षत्री, पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि जितेन्द्र कुमार कश्यप, प्रधान आरक्षक राजेश राजपूत, आरक्षक अमित यादव, मनोज यादव, भुषण राजपूत, धनंजय राजपूत, कमलेश साहू, फत्ते पाटिल सहित अन्य स्टाफ व पुलिस चौकी संबलपुर क्षेत्रांतर्गत के ग्राम कोटवारगण उपस्थित रहे।

### असामाजिक तत्वों पर रखें कड़ी नजर : ज्योति सिंह

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह ने कहा कि गांवों में बाहरी लोगों की आवाजाही, असामाजिक तत्वों व अवैध कारोबारी में लिप्त लोगों एवं सोना-चांदी चमकाने के नाम पर ठगी करने वालों पर कड़ी नजर रखने आवश्यकता है। साथ ही कहा कि सुरक्षा के बेहतर माहौल के लिए शांति व्यवस्था बहुत जरूरी है। किसी भी के बहकावे में नहीं आना है। हर हाल में हमें सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाये रखना है। ग्राम कोटवारों को आपसी तालमेल व समन्वय स्थापित करने व बेहतर तरीके से सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने की बात कही गई।

## नवनिर्वाचित सरपंच शशिकला ने विधायक दीपेश से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

बेरला जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बारगाँव के नवनिर्वाचित सरपंच शशिकला मिश्रा एवं भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक सौरभ मिश्रा ने रविवार को बेमेतरा विधानसभा के विधायक दीपेश साहू से सौजन्य मुलाक़ात की।

इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने नवनिर्वाचित सरपंच मिश्रा को जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। साथ ही ग्राम पंचायत के प्रथम नागरिक के तौर पर सरपंच चयनित होते ही मिश्रा ने गाँव के विकास के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करने की शुरुआत कर दी। प्रथम भेंट मुलाक़ात में ही उन्होंने विधायक से गाँव में मूलभूत सुविधाओं जल, स्वास्थ्य, पक्की सड़क तथा गाँव में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर त्वरित रूप से प्रतिबंध लगाने एवं शिक्षा के विषय में सार्थक चर्चा की। विधायक दीपेश साहू ने भी गहराई से इन विषयों को ध्यान में लेते हुए। त्वरित रूप से सुविधाएं मुहैया कराने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया। भाजपा नेता एवं सरपंच प्रतिनिधि सौरभ मिश्रा ने कहा कि गाँव की जनता ने उन्हें अपना सेवक के रूप में चुना है तो हमारा यह प्रथम दायित्व है कि हम बिना किसी कारण समय गवाएँ आने वाले 5 वर्ष जनता की सेवा में अपना योगदान दें।

# रिटेंशनधारियों को नोटिस से मिले राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारियों ने टाउनशिप के रिटेंशनधारियों को बीएसपी प्रबंधन द्वारा नोटिस भेजे जाने का विरोध करते हुए राहत दिलाने की मांग की है।

- सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ ने की 650 वर्गफुट आवास लायसेंस पर देने की मांग


सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ की सेक्टर 7 गार्डन में हुई बैठक हुई। बैठक में सिक्योरिटी मनी को लेकर रिटेंशनधारी रिटायर कर्मियों को नगर सेवाएं विभाग द्वारा नोटिस भेजे जाने को अनुचित बताया। सदस्यों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि जब वर्षों बीएसपी में काम करने वाले रिटेंशनधारी रिटायर कर्मियों ने रिटेंशन आवास के लिए नौ लाख रुपए सुरक्षा निधि जमा किए हैं। बिजली बिल भी नियमित जमा कर रहे हैं। फिर रिटेशनधारियों को नोटिस क्यों भेजा जा रहा है। प्रबंधन राहत दिलाए। बैठक में पदाधिकारियों ने टाउनशिप में 650 वर्गफीट आवास लायसेंस पर दिए जाने की मांग की।

बैठक में कल्याण संघ के अध्यक्ष सुरेशचंद्र महासचिव अशोक मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकांता पांडेय सहित गोपीकृष्ण, अमर सोनकर, केके रमेश, देवेंद्र कन्नौजे, देवाशीष दास, ह्दयानंद और कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

**लैंटर नहीं, सैकड़ों रहवासियों को हो रही चौतरफा दिक्कतें**

# टाउनशिप में 50 साल बाद भी कर्मी ट्यूबलर शेड क्वार्टरों में रहने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



पिछले पचास साल में भिलाई इस्पात संयंत्र का उत्पादन कई गुना बढ़ गया। हरेभरे टाउनशिप में तीन नए सेक्टर बन गए और टाउनशिप के चारों ओर चमचमाती कालोनियां तन गईं।

लेकन टाउनशिप के सैकड़ों कर्मचारी आज भी दो तंग कमरों को एजबेस्टस शीट वाले आवासों में रहने मजबूर हैं। इस कारण उन्हें चौतरफा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यूनियनों ने सभी ट्यूबलर आवासों में लेंटर और रिनोवेट किए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में हजारों छोटे बड़े आवास हैं। 90 प्रतिशत मकान लेंडर वाले हैं। यानी इनकी छत लेंडर की है। लेकिन कुछ सेक्टरों मे आज भी सैकड़ों ट्यूबलरशेड आवास हैं। इनकी छत सीमेंट की एजबेस्टस शीट है। सेक्टर 4 और सेक्टर 7 आदि कुछ सेक्टरों में स्थित सैकड़ों ट्यूबरल शेड क्वार्टरों में कर्मिकों को परिवार के साथ रहने मजबूर होना पड़ रहा है। एटक के विनोद कुमार सोनी ने बताया कि दो कमरों के इन मकानों में गर्मी में शीट तप जाती है। बारिश में भड़भड़ आवाज करती है कि टीवी व आपस की बात भी सुनाई नहीं देती है। बंदर आए दिन शीट तोड़ देते हैं। बैकलाइन की वर्षों से सफाई नहीं होने से बारिश में गंदे पानी के साथ कचरा पीछे से अंदर घुस जाता है। साथ में सांप, पताड़ा मेंढक आदि भी घुसते रहते हैं। पचास साल में शहर के साथ बीएसपी व सेल ने चहुंमुखी प्रगति की लेकिन इन समस्याग्रस्त आवासों का लेंडर नहीं किया गया।

**छावनी थाना का मामला, अपराध दर्ज**

## फोर्स के जवान के साथ उसके ही बड़े भाई ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

फोर्स के जवान के साथ बड़े भाई ने मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि केम्प 1 आदर्श नगर निवासी राजेश कुमार गुप्ता छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। बडा भाई रमेश गुप्ता कैंप-1 में गुप्ता इंटरप्राइजेंस के नाम से दुकान संचालित करता है। बीती रात आरक्षक दुकान में अपने बड़े भाई रमेश गुप्ता से मिलने पहुचा। भाई ने पारिवारिक विवाद को लेकर आरक्षक से विवाद करना शुरु कर दिया। आरक्षक के साथ गाली-गलौच करते हुए हाथ-मुक्के, डंडे से मारपीट शुरू कर दी। घटना में आरक्षक के दाहिने हाथ की अंगुली, बांए पैर के अंगूठे में चोट आई है।

**वैशालीनगर थाना का मामला**

## शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 64(1) 69, 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि पीड़िता का परिचय कुलजीत उर्फ सन्नी से वर्ष 2021 से इंस्टाग्राम से हुआ। मई 2022 में आरोपी कुलजीत उर्फ सन्नी ने पीड़िता को अपने घर कैम्प-1 के पास बुलाया और शादी का झांसा देकर जबरन अनाचार किया। इसके अलावा आरोपी ने उसके भतीजे का जन्म दिन होने की बात कहकर पीड़िता के चाचा से 10 प्रतिशत ब्याज में 40 हजार रुपए मांगने बोला।

तब पीड़िता ने अपने चाचा से पैसा मांगकर आरोपी को दी थी। रुपए लौटाने की बात पर उसे बदनाम करने की धमकी देता रहा।

# श्रमिकों की मांगों को जल्द करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बीएमएस के प्रतिनिधिमंडल संघ के महामंत्री चन्ना केशवलू के नेतृत्व में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यकारी निदेशक वर्कस राकेश कुमार संयंत्र के नियमित कर्मचारी और ठेका श्रमिक की मुद्दों पर पर ज्ञापन सौंपा और मांगों को पूर्ण करने की मांग की। ज्ञापन में करोना काल से स्थगित अलाउंस एवं एडवांस पुनः प्रारभ करने, गर्मियों में दैनिक उपस्थिति व ।नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम लागू करने और संयंत्र में चोरी की घटनाएं में काबू पाने की मांग की। उपाध्यक्ष डिल्ली राव, सुधीर गढ़ेवाल, जगजीत सिंह, संयुक्त महामन्त्री वशिष्ठ वर्मा, प्रदीप कुमार पाल, जोगिंदर कुमार, अनिल गजभिये उपस्थित थे।

- बीएमएस ने बीएसपी के ईडी से की चर्चा

# मारपीट के बाद गैंग रेप का आरोप

**जामुल थाना का मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दो महिला समेत उनके परिवार के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। जिसमें से एक महिला ने गैंगरेप का आरोप लगाया है। लेकिन पुलिस इसे पूरी तरह से इंकार कर दिया। जामुल से पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया। उसके बाद बस्ती के लोगों से भी गटना को लेकर बयान लिया गया है। बयान में लोगों ने रेप वाली कोई बात नहीं होने की जानकारी दी है। थाना प्रभारी कपिल देव पांडेय के

- बयान में आरोप झूठा निकला

मुताबिक घटना 27 फरवरी की है। जामुल में आम्रपाली अपार्टमेंट के पीछे बांबे आवास निवासी महिला और उसके बेटे के साथ दूसरे पक्ष के साथ विवाद हुआ था। दोनों पक्ष मारपीट करने के बाद जामुल पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करने पहुंचे थे। सभी का मुलाहिजा कराया और उसके बाद दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर अपराध कायम किया गया। दोनों पक्षों ने मारपीट का आरोप लगाया और पुलिस ने उन्हीं धाराओं के तहत मामला भी दर्ज किया। इसके बाद महिला इलाज के नाम से अस्पताल में भर्ती हुई और वहां जाकर आरोप लगाया कि उसके साथ गैंगरेप हुआ है। इससे जामुल पुलिस खासी परेशान हो गई। टीआई ने बताया बस्ती के लोगों ने बयान दिया कि महिला बार-बार ये धमकी दे रही थी कि वो सभी को रेप केस में फंसा देगी। उसने थाने में सबके सामने कुछ नहीं बोला, लेकिन बाद में उनको फंसाने के उद्देश्य से झूठा आरोप लगा दिया है।

# सड़क पार कर रही गायों पर चढ़ी तेज रफ्तार पिकअप, तीन की मौके पर मौत, 6 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

तेज रफ्तार पिकअप सड़क पर चल रहे गौ वंशों के समूह पर चढ़ गई। घटना इतनी भयंकर थी कि तीन गायों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में कम से कम 6 गायों के घायल होने की बात भी सामने आई है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। घटना ग्राम भरदा की है। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर करीब तीन बजे ग्राम की गायों को चराने ग्राम का चरवाहा सड़क पार कर रहा था। इसी बीच बालोद की ओर से आ रही पिकअप क्रमांक सीजी 24 एस 2807 के चालक ने सड़क पार कर रही गायों के समूह पर वाहन चढ़ा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पिकअप की रफ्तार इतनी अधिक थी कि वाहन की टक्कर से 3 गायें तीन दिशा में 20 मीटर दूर तक उछलकर फेंका गई। तीनों ने ही घटना के तुरंत बाद दम तोड़ दिया।

# अग्निशमन कर्मचारियों के ट्रेनिंग पीरियड को सेवाकाल में नहीं जोड़े जाने से बढ़ा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के अग्निशमन सेवा विभाग (फायर ब्रिगेड ) के कर्मचारियों का ट्रेनिंग पीरियड उनके सेवाकाल में नहीं जोड़े जाने से कर्मचारियों को नुकसान हो रहा है। इससे कर्मियों में असंतोष है। बीडब्ल्यूयू ने प्रबंधन से जल्द कर्मियों को न्याय दिलाने की मांग की है। बीएसपी व बीएसपी सेल के अधीन कार्य करने वाला अग्निशमन विभाग प्रदेश में प्रथम और देश में अपना द्वितीय स्थान रखता है। विभाग के कर्मचारी अपने अनुभव ,कार्य कुशलता और अपनी मेहनत से देश में ख्याति प्राप्त कर चुका है। दमकल विभाग के कर्मचारी अपनी जान की परवाह किए बिना, सदैव संयंत्र और देश सेवा में तत्पर रहते हैं। । लेकिन विभागीय कर्मियों की उपेक्षा का मनोबल गिराये जाने से कर्मी निराश हैं। बीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने बताया कि सेल में आईटीआई, डिप्लोमा तथा अन्य टेक्निकल योग्यता रखने वाले को डिग्रेड करते हुए उन्हें एस-1 और एस-3 में ,सेल में भर्ती करना चालू किया गया। यूनियनों के द्वारा लंबी लड़ाई लड़ने के बाद ऐसे डिग्रेट किए गए कर्मियों के ट्रेनिंग अवधि को उनके सेवा काल में जोड़ने के लिए सेल प्रबंधन के द्वारा 28 सितंबर 2016 को एक सर्कुलर जारी किया गया, जिसमें कुछ संशोधन के बाद 5 जुलाई 2022 को नया सर्कुलर जारी किया गया। इसके अनुसार ऐसे कर्मियों का ट्रेनिंग पीरियड को उनके सेवाकाल में जोड़े जाने का प्रावधान किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411


स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
18 मार्च 2025
13 अप्रैल 2025
03 मई 2025
29 मई 2025
16 जुलाई 2025
27 जुलाई 2025
18 अगस्त 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport